फा सं. 15014/11/2016- सा.IV

संघ लोक सेवा आयोग

धौलपूर हाउस, शाहजहां रोड,

नई दिल्ली- 110069

दिनांक: 04.11.2016

सेवा में

मेसर्स............................

....................................

....................................

विषय: रेक्सिन फोल्डरों की आपूर्ति के लिए निविदा आमंत्रण नोटिस ।

महोदय,

मुझे इस कार्यालय के नमूने के अनुसार प्रिटेंड रेक्सिन फोल्डरों की आपूर्ति के लिए बोलियां आमंत्रित करने का निदेश हुआ है :-

| | |
|---|---|
| मात्रा | : 1950 (लगभग) |
| विनिर्दिष्टताएं | : अपेक्षानुसार नमूने के अनुसार सिंगल कलर प्रिंटिंग नीला या भूरे रंग में । |

(नमूना इस कार्यालय के सामान्य- IV अनुभाग में देखे जा सकते हैं )

(आपूर्ति केवल अनुमोदित नमूने के अनुरूप पूर्णतया की जानी है ।)

| | |
|---|---|
| निविदा प्राप्त करने की अंतिम तारीख एवं समय | :30.11.2016 को 3.00 बजे अपराह्न तक । |
| निविदा जमा करने कर स्थान | : इस कार्यालय के स्वागत कक्ष के गेट 'सी' पर रखे निविदा बॉक्स में । |
| निविदा खोलने की तारीख एवं समय | : 30.11.2016 को 3.30 बजे अपराह्न में। |
| निविदा खोलने का स्थान | : कमरा सं. 208 ए, आयोग सचिवालय । |

2. <u>**बोली को प्रस्तुत करना :**</u> बोलियों को निर्धारित प्रपत्र में पूरा कर अधोहस्ताक्षरी के नाम से पंजीकृत डाक द्वारा या उपर्युक्त पैरा-1 में निर्दिष्ट स्थान पर प्रस्तुत कर सकते है जिनका विवरण नीचे दिया गया है :-

2.1 निर्धारित प्रारूप में सीलबंद लिफाफे में जिसके ऊपर विधिवत मोटे अक्षरों में '30.11.2016 को 3.30 बजे अपराहन में खोली जाने वाली रेक्सिन फोल्डरों के लिए बोली' तथा अधोहस्ताक्षरी (नाम से) को सेबोधित करते हुए पंजीकृत डाक से भेजें ताकि यह 30.11.2016 को 3.00 बजे अपराहन तक पहुंच जाए या स्वगतकक्ष के गेट 'सी' धौलपुर हाऊस, शाहजहां रोड,नई दिल्ली-110069 को 30.11.2016 को 3.00 बजे अपराहन तक निविदा बाक्स में जमा कर सकते हैं, सीलबंद लिफाफे में निम्नलिखित दस्तावेज़ शामिल होने चाहिए :-

(क) विधिवत भरा हुआ, मुहर लगा हुआ और हस्ताक्षर किया गया निविदा फार्म (प्रत्येक पृष्ठ पर) <u>अर्थात इस निविदा नोटिस का अनुबंध- क ।</u> बिना हस्ताक्षर किए हुए या बिना मुहर लगी हुई निविदा फार्म की प्रस्तुति के मामले में बोली को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा ।

(ख) इस निविदा नोटिस के अपेक्षनुसार विहित किए गए प्रारूप के अलावा अन्य प्रारूप में जमा धरोहर राशि को स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऐसी बोली (बोलियों) को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा ।

(ग) फर्म के पत्र शीर्ष पर निविदा नोटिस के अनुबंध-ख के अनुसार फर्म का विवरण।

(घ) आयकर विवरणी की अद्यतन स्व-अनुप्रमाणित प्रति ( अधिमानत: वर्ष 2015-2016 के लिए )।

(ङ) टी आई एन / ब्रिक्री कर पंजीकरण प्रमाण पत्र की स्व-अनुप्रमाणित प्रति ।

(च) यदि एन एस आई सी या डी जी एस एंड डी के साथ पंजीकृत हो तो पंजीकरण प्रमाण पत्र की स्व-अनुप्रमाणित प्रति ।

(छ) इस निविदा नोटिस में यथा -अपेक्षित अन्य दस्तावेज़ ।

2.2 बोलियों के खुलने की तारीख से बोली छ: महीने की अवधि के लिए स्वीकार्यता हेतु वैध रहेगी । कम वैधता अवधि वाली बोलियों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा ।

3. **<u>बोली को खोलना</u>**:

3.1 बोलियां उपर्युक्त पैरा- 1 में दर्शाए गए कमरे और समय और तारीख में उन बोलीदाताओं अथवा उनेक प्रतिनिधियों जो इसमें उपस्थित होना चाहते हैं, की उपस्थिति में खोली जाएंगी । निविदा प्रस्तुत करने के लिए विनिर्दिष्ट तारीख को अवकाश / छुट्टी पड़ने अथवा इस कार्यालय के लिए अनुवर्ती रूप से अवकाश अथवा छुट्टी घोषित होने की स्थिति में निविदाएं इस कार्यालय के अगले कार्य दिवस को नियत समय पर अर्थात 3.00 बजे अपराह्न तक प्राप्त की जाएंगी और उसी दिन 3.30 बजे अपराह्न को खोली जाएंगी ।

3.2 **<u>देर से प्राप्त बोलियां:</u>** बोलियों की प्राप्ति के लिए उपर्युक्त पैरा-1 में दर्शाए गए अनुसार विनिर्दिष्ट तारीख और समय के बाद प्राप्त बोलियों पर विचार नही किया जाएगा।

4. **<u>जमा धरोहर राशि ( ई एम डी) एवं निष्पादन प्रतिभूति:</u>**

4.1 सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली -110069 के पक्ष में देय स्वीकार्य रूप में किसी वाणिज्यिक बैंक से 5,500/-रू. (पांच हजार पांच सौ रू. मात्र) की जमा धरोहर राशि तकनीकी बोली के साथ संलग्न की जानी चाहिए । जमा धरोहर राशि के बिना अथवा अन्य किसी रूप में निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा और उन बोलीदाताओं को जो विशेषमदों की पूर्ति के लिए डी जी एस एंड डी एवं एन एस आई सी के पास पंजीकृत हैं, को छोड़कर उनको सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा । ऐसे बोलीदाताओं को <u>छूट का दावा करने के लिए अपने पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करनी अपेक्षित है अन्यथा कोई छूट नहीं दी जाएगी और बोलीको सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।</u>

4.2 जमा धरोहर राशि अंतिम निविदा वैधता से परे 45 दिना की अवधि के लिए वैध रहेगी ।

4.3 यदि बोलीदाता अपनी निविदा की वैधता अवधि के भीतर किसी भी संबंध में अपनी निविदा को वापस लेता है या उसमें संशोधन करता है अथवा निविदा को नुकसान पहुंचाता है या उसकी प्रतिष्ठता के विरूद्ध कार्य करता है तो बोलीदाता की जमा धरोहर राशि को जब्त कर लिया जाएगा ।

4.4 सभी असफल बोलीदाताओं द्वारा प्रस्तुत जमा धरोहर राशि को संविदा को अंतिम रूप दिए जाने के बाद बिना किसी ब्याज के, चाहे जो भी हो, उन्हें लौटा दी जाएगी । सफल फर्म (फर्मों) को सचिव, सं. लो. से. आ. नई दिल्ली-110069 के पक्ष मे देय किसी वाणिज्यिक बैंक से डिमांड ड्राफ्ट / मियादी जमा रसीद / पे आर्डर / बैंकर्स चेक के रूप में निष्पादन प्रतिभूति के रूप में संविदा मूल्य की 7% राशि प्रस्तुत करनी है । निष्पादन प्रतिभूतिको आपूर्ति के अच्छी और संतोषजनक स्थिति में इसके विधिवत निष्पादन और पूरा करने के बाद बिना ब्याज के चाहे जो भी हो, आपूर्तिकर्ताको लौटादी जाएगी ।

4.5 यदि फर्म संविदा के किसी निबंधन अथवा शर्त के निष्पादन में असफल रहती है तो इसे काली सूची में डालने के अलावा निष्पादन प्रतिभूति को जब्त कर लिया जाएगा ।

4.6 निष्पादन प्रतिभूति वारंटी बाध्यताओं सहित आपूर्तिकर्ता के सभी संविदात्मक बाध्यताओं के पूरे होने की तारीख से परे 60 दिनों की अवधि के लिए बैध रहेगी ।

5. बोलीदाताओं को निविदा प्रारूप (अनुबंध-क) के अनुसार अपनी बिना शर्त दरों का उल्लेख करना चाहिए । कांट - छांट / ओवर राइटिंग,यदि कोई हो, के लिए प्रति हस्ताक्षर किए जाने चाहिए । निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विधिवत मुहर लगाई जानी चाहिए और हस्ताक्ष किए जाने चाहिए ।

6. **अन्य निबंधन एवं शर्तें**

(क) बोलियां स्वीकृति के लिए निविदा खोलने की तारीख से छः माह के लिए वैध रहेगी ।

(ख) काल्पनिक और / अथवा सशर्त बोली पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ग) उद्धृत की गई दरें संविदा प्रदान करने के आशय पत्र की तारीख से एक वर्ष के लिए वैध रहेंगी तथापि, संविदा को इस कार्यालय के विवेकानुसार आगे एक वर्ष की अवधि के लिए विद्यमान निबंधन एवं शर्तों पर बढ़ाया जा सकता है ।

(घ) पैरा-1 में दर्शाई गई स्टेशनरी / सामान्य मदों की मात्रा संभावित है और प्रयोक्ता की मांग के अनुसार इसमें वृद्धि अथवा कमी हो सकती है । मात्रा के बढ़ने की स्थिति में फर्म (फर्मों) को उन्हीं दरों, निबंधन और शतोंरं पर अतिरिक्त मात्रा की आपूर्ति करनी अपेक्षित है ।

(ङ) ये मदें सामान्यता तीन किश्तों में खरीदी जाएंगी । तथापि, आपात स्थिति में फर्म (फर्मों) को तीन से अधिक किश्तों में अपेक्षित मदों की आपूर्ति के कहा जा सकता है ।

(च) स्टेशनरी / सामान्य मदें सामान्य- IV अनुभाग, संघ लोक सेवा आयोग, आयोग सचिवालय भवन, शाहजहां रोड, नई दिल्ली को सुपुर्द की जानी चाहिए । इस कार्यालय को स्टेशनरी / सामान्य मदें भेजने के सभी व्यय केवल संबंधित फर्म द्वारा ही बहन किए जाएंगे ।

(छ) मालिक / फर्म अपने स्वयं के प्रत्यक्ष टेलीफोन ( कार्यालय के साथ-साथ आवास) और मोबाइल फोन पर उपलब्ध होनाचाहिएताकि आपात स्थिति में बुलाया जा सके । मोबाइल नं. भी दिया जाना चाहिए ।

(ज) किसी बोलीदाता के घटिया / नकली / जाली उत्पाद आपूर्ति करते पाए जाने पर उसे सरसरी तौर पर काली सूची में डाल दिया जाएगा और उसकी निष्पादन प्रतिभूति जब्त कर ली जाएगी ।

7. **<u>बोलियों का मूल्यांकन</u>**:

(क) संविदा दर क्रय की निम्नतम मूल्यांकन अनुक्रियात्मक निविदा (एल-1) को दिया जाएगा ।

(ख) रेक्सिन फोल्डर का प्रापण नमूने के अनुसार किया जाएगा । तथापि, आयोग को इस मद की आपूर्ति किए जाने से पहले नमूने का अनुमोदन नमूना मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाएगा ।

(ग) वैट / बिक्री कर की दर, यदि कोई हो, को मूल्य अनुसूची में अलग से उद्धृत किया जाना चाहिए । अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि उद्धृत दर में बिक्री कर / वैट / सरकारी लेवियां शामिल हैं और दरों में वृद्धि के लिए आगे किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा ।

(घ) वैट में शामिल की गई दर और वैट में शामिल न की गई दर में विचलन की स्थिति में वैट में शामिल की गई दरों पर वित्तीय मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा । इस मामले मे संबंधित फर्म से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

(ङ) इस निवदा नोटिस के पैरा-1 में यथा निर्दिष्ट किए गए अनुसार विनिर्दिष्ट ब्रांडों / नमूने की दरों पर ही विचार किया जाएगा ।

8. **<u>निर्धारित क्षति:</u>**

सामान्य परिस्थितियों में स्टेशनरी / सामान्य मदों की आपूर्ति आदेश दिए जाने की तारीख से 10 दिनों की अवधि के भीतर अनुसूची में उल्लिखित किए गए आपूर्ति आर्डर के अनुसार आपूर्ति की जानी चाहिए । सामग्री की आपूर्ति में विलंब के मामले में इस कार्यालय द्वारा चूककर्ता फर्म पर आपूर्ति न की गई मदोंकी कुल लागत के 1% प्रतिदिन की दर से निर्धारित क्षति लगाई जाएगी जो अधिकतम आपूर्ति न की गई वस्तुओं की कुल लागत 10 % तक लगाए जाने के अध्यधीन है । 10 दिन से अधिक विलंब के मामले में इस कार्यालय को आपूर्तिकर्ता के जोखिम और लागत पर अन्य किसी एजेंसी से संबंधित मद (मदों) को खरीदनेकी स्वतंत्रता होगी और इसका परिणाम निष्पादन प्रतिभूति की जब्ती होगी ।

9. **<u>जोखिम खरीद खंड:</u>**

यदि बोली प्रस्तुत करने और उसकी स्वीकृति के बाद अर्थात आर्डर देने के बाद आपुर्तिकर्ता इन निविदा दस्तावेज़ों के निबंधन एवं शर्तों से बंधे रहने में विफल रहता है या दी गई सुपुर्दगी अनुसूची के अनुसार सामग्री की आपूर्ति में विफल रहता है या किसी भी समय संविदा से मुकर जाता है तो संघ लोक सेवा आयोग को जमा धरेहर राशि / निष्पादन प्रतिभूति, यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा जमा की गई हो, को जब्त करने और आपूर्तिकर्ता के जोखिम और परिणाम पर सामग्रियों को अन्य एजेंसी से खरीदने का अधिकार होगा । ऐसी खरीद की लागत की अन्य आकस्मिक प्रभारों जिसमें सीमाशुल्क, कर, भाड़ा और बीमा आदि शामिल हैं, सहित आपूर्तिकर्ता से वसूला जाएगा । यदि संघ लोक सेवा आयोग को वैकल्पिक स्त्रोत के माध्यम से सामग्री खरीदने के लिए बाध्य होने पर और यदि खरीद मूल्य कम है तो इसका कोई लाभ आपूर्तिकर्ता को नहीं दिया जाएगा।

10. भुगतान सामग्री के अच्छी और संतोषजनक स्थिति में प्राप्ति के बाद और अनुमोदित गुणवत्ता एवं विनिर्दिष्टयों के लिए आपूर्ति की गई सामग्री के समनुरूप होने के सत्यापन के बाद शीघ्र प्रस्तुत किए जाने वाले बिलों पर किया जाएगा ।

11. बोलीदाता को एक परिवचन प्रस्तुत करना हो कि उन्होंने किसी अन्य मंत्रालयों / सरकारी संगठनों में सं. लो. से. आ. से कम दर उद्धृत नहीं की है । परिवचन अनुबंध- 'ग' में दिए गए निर्धारित प्रोफार्मा में प्रस्तुत की जानी चाहिए ।

12. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग के पास बिना कारण बताए किसी बोली को पूर्णतया अथवा उसके भाग को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है । इस संबंध में संघ लोक सेवा आयोग का निर्णय अंतिम होगा और फर्म पर बाध्यकारी होगा ।

(सी. एम. कैथ)
अवर सचिव (सामान्य- IV)
दूरभाष: 23388418

(सी. एम. कैथ)
अवर सचिव (सामान्य- IV)
दूरभाष: 23388418

**अनुबंध-'क'**

**निविदा प्रपत्र**

**रेक्सिन फोल्डरों की आपूर्ति हेतु निविदा**

दिनांक:

सेवा में

श्री सी. एम. कैथ,
अवर सचिव (सामान्य- IV)
संघ लोक सेवा आयोग
नई दिल्ली-110069

सन्दर्भ: दिनांक.................................. का आपका निविदा नोटिस सं. ............................

हम, अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त निविदा नोटिस की जांच की है और हम आपके कार्यालय की अपेक्षा को समझने के बाद अब आपकी मांग / आदेश के अनुसार विनिर्दिष्टयों के समनुरूप अपेक्षित स्टेशनरी मदों की आपूर्ति और सुपुर्दगी नीचे दी गई दर पर करने का प्रस्ताव करते हैं:-

**मूल्य अनुसूची**

| क्रम सं. | मदें तथा इनकी विनिर्दिष्टयां (ईकाई संख्या में जहां विनिर्दिष्ट की गई हो) | मात्रा | प्रतावित दर रू. में | वैट का प्रतिशत | दर प्रति यूनिट (वैट सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | इकाई में | प्रति यूनिट | | प्रति यूनिट |
| 1. | **रेक्सिन फोल्डर** (इस कार्यालय के नमूने के अनुसार नीले या भूरे रंग में, एकल रंग प्रिंटिंग) | 1950 | | | |

2. जमा धरोहर राशि के रूप में ..................................... (बैंक और शाखा का नाम) पर देय ..................................रू. (..........................................रू.) की राशि का दिनांक.................... का पे आर्डर / डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर चेक सं. .......................... एतददवारा प्रस्तुत सचिव, संघ लोक सेवा आयोग के पक्ष में देय किया जाता है ।

3. हम उपर्युक्त निविदा नोटिस में यथा अपेक्षित हमारीफर्म के संबंध में निम्नलिखित दस्तावेज़ / कागजात भी एतदद्वारा प्रस्तुत करते है :-
   (क) हमारी फर्म के पत्र शीर्ष पर विहित प्रपत्र अर्थात निविदा नोटिस के अनुबंध-'ख' में हमारी फर्म का ब्यौरा ।
   (ख) कर निर्धारण वर्ष...................... (वर्ष दर्शाए जाए) के लिए अद्यतन आयकर विवरणी की स्व-अनुप्रमाणित प्रति ।
   (ग) बिक्री कर / वैट पंजीकरण प्रमाण पत्र की स्व-अनुप्रमाणित प्रति ।
   (घ) फर्म / मालिक( मालिकों) के पैन की स्व-अनुप्रमाणित प्रति ।
   (ड.) निविदा में यथा- अपेक्षित अन्य दस्तावेज़ ।

4. यदि हमारी बोली स्वीकार कर ली जाती है तो हम उपर्युक्त निविदा नोटिस के अनुसार अपनी बोली में उल्लिखित किए गए अनुसार सामान की आपूर्ति करने का वचन देते हैं ।

5. हम आगे यह पुष्टि करते है कि यदि हमारी बोली स्वीकार कर ली जाती है तो हम निविदा जांच की शर्तों में स्वीकार्य रूप में अपेक्षित राशि की एक निष्पादन प्रतिभूति आपको प्रदान करेंगे ।

6. हम हमारी बोली को निविदा खोलने से छः माह की अवधि की स्वीकृति के लिए वैध रहने पर सहमत हैं । तदनुसार हम उपर्युक्त अवधि तक इस बोली से बंधे रहने की भी पुष्टि करते हैं और यह बोली की समाप्ति से पहले किसी भी समय स्वीकार की जा सकती है । हम आगे इस बात की पुष्टि करते है कि उपर्युक्त अवधि के भीतर आपकी लिखित स्वीकृति के सपठित यह बोली हमारे बीच बंधकारी संविदा गठित करेगी ।

7. हम आगे यह समझे है कि आप निम्नतम या कोई बोली जो आपकी ऊपर संदर्भित निविदा पुछताछ के विरूद्ध प्राप्त करते हैं, को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं हैं ।

8. हम उपर्युक्त निविदा जांच के निबंधन और शर्तोंको स्वीकार करते हैं ।

.............................................

(दिनांक सहित हस्ताक्षर)

..........................................

(नाम और पदनाम)

................................................... के लिए और की ओर से निविदा पर हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत

...............................................

(फर्म की कार्यालय मुहर)

टिप्पणी: (क) फर्म की कार्यालय मुहर और प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर इस निविदा फार्म बोली के प्रत्येक पृष्ठ पर होने चाहिए ।

(ख) ओवर राइटिंग, यदि कोई हो, के लिए प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किए जाने चाहिए ।

**<u>अनुबंध-'ख'</u>**

## <u>रेक्सिन फोल्डरों की आपूर्ति हेतु निविदा</u>

## <u>फर्म का विवरण</u>

**(फर्म के पत्र शीर्ष पर)**

1. फर्म का नामः.........................................................................
2. कार्यालय का पताः...................................................................
3. दूरभाष सं.:...........................................................................
4. फैक्स सं.: ...........................................................................
5. फर्म के निदेशक / साझेदार / मालिक का विवरण :-
   (क) नामः
   (ख) आवासीय पताः
   (ग) मोबाइनल सं.:
6. बिक्री कर पंजीकरण सं. / टी आई एन :.....................................
   (पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें )
7. फर्म / मालिक का स्थायी खाता सं. : ........................................
8. यह प्रमाणित किया गया है कि हमारी फर्म को किसी सरकारी विभाग द्वारा न तो काली सूची में डाला गया न ही उक्त फर्म अथवा इसके मालिक / साझेदार के विरूद्ध भारत में किसी भी स्थान पर कोई आपराधिक मामला पंजीकृत है / लंबित है ।

..............................................

(दिनांक सहित हस्ताक्षर)

..........................................

(नाम और पदनाम)

................................................... के लिए और की ओर से निविदा पर हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत

...............................................

(फर्म की कार्यालय मुहर)

**<u>अनुबंध-‘ग’</u>**

**<u>रेक्सिन फोल्डरों की आपूर्ति के लिए निविदा</u>**

**<u>परिवचन</u>**

हम.........................................................................................................................
..............................................................................................................................
..............................................................................................................................
(फर्म का नाम तथा पता) दिनांक .................................... के संघ लोक सेवा आयोग के निविदा आमंत्रण सूचना के प्रत्युत्तर में निम्नानुसार सत्यापित करते है:

“हम लोगो द्‌वारा मदों के लिए उद्‌धृत की गई दर उसी प्रकार के मद के लिए अन्य मंत्रालयों / सरकारी संगठनों के लिए उद्‌धृत की गई दरों से अधिक नहीं है” ।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)
रबड़ की मोहर सहित फर्म / बोलीदाता का नाम तथा पता

**अनुबंध-घ**

## जांच सूची

| क्रम सं. | विवरण | हां या नहीं |
|---|---|---|
| 1. | अनुबंध-क में विधिवत भरा हुआ निविदा प्रपत्र | |
| 2. | पैन कार्ड की प्रति | |
| 3. | वर्ष 2015-2016 का फर्म/ मालिक के आयकर विवरणी की प्रतियां | |
| 4. | 55,00/- रू. की जमा धरोहर राशि की प्रति | |
| 5. | टिन सं. सहित वैट / बिक्री कर पंजीकरण प्रमाण पत्र | |
| 6. | अद्यतन वैट / बिक्री कर निर्बाधन प्रमाण पत्र की स्व-अनुप्रमाणित-प्रति | |
| 7. | यदि एन आई सी या डी जी एस एंड डी के साथ पंजीकृत है तो पंजीकरण की स्व-अनुप्रमाणित-प्रति | |
| 8. | फर्म के पत्र शीर्ष पर अनुबंध-'ख' में दिए गए फर्म का विवरण | |
| 9. | अनुबंध-'ग' में परिवचन | |
| 10. | भुगतान प्राप्त करने के लिए फर्म की बैंक विवरणी | |